<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>डा0 अम्बेडकर के जन्मदिन पर राज्यपाल की बधाई</u>

लखनऊः 13 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की है ।

राज्यपाल ने अपने सन्देश में कहा है कि डा0 भीमराव अम्बेडकर महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी महापुरूष थे। डा0 अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन समता और मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के संघर्ष भरे जीवन और उनके दर्शन से प्रेरणा लेकर देश के नव-निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिये सभी को समर्पित भाव से कार्य करना होगा।